**प्रेस विज्ञप्ति**

## ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में आयोजित हुआ तीसरा OPS-MUN सम्मेलन 2025: "मध्य पूर्व को उपचार देना – इस्राइल-फिलिस्तीन संघर्ष का समाधान एवं मानवीय सहायता सुनिश्चित करना"

दिनांक: 26 जुलाई 2025
स्थान: ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल, प्रगति पथ, रांची

ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल, प्रगति पथ, रांची में 25 और 26 जुलाई 2025 को तीसरे OPS-MUN सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। इस वर्ष का विचारोत्तेजक विषय था - "मध्य पूर्व को उपचार देना - इस्राइल-फिलिस्तीन संघर्ष का समाधान एवं मानवीय सहायता सुनिश्चित करना" ।

यह सम्मेलन एक प्रेरणादायक मंच बनकर उभरा, जिसमें रांची के पाँच प्रतिष्ठित विद्यालयों - ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल, सरला बिड़ला पब्लिक स्कूल, डीएवी कपिलदेव पब्लिक स्कूल, डीएवी पब्लिक स्कूल (बरियातू) और दिल्ली पब्लिक स्कूल - के 62 से अधिक छात्र प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इन छात्रों ने वैश्विक राजनयिकों की भूमिका निभाते हुए समकालीन भू-राजनीतिक चुनौती पर विचार-विमर्श किया।

समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, जिसमें विशिष्ट अतिथियों ने भाग लिया। इसके उपरांत ऑक्सफोर्ड के छात्रों द्वारा स्वागत गीत और झारखंड की सांस्कृतिक विविधता को दर्शाने वाला एक आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किया गया। इस जीवंत शुरुआत ने सम्मेलन के लिए सहयोगपूर्ण और चिंतनशील वातावरण की आधारशिला रखी।

सम्मेलन के मुख्य अतिथि डॉ. राजन सुदेश रत्ना, उप प्रमुख, संयुक्त राष्ट्र एशिया-प्रशांत आर्थिक और सामाजिक आयोग (UNESCAP) थे। अपने अंतरराष्ट्रीय अनुभवों से उन्होंने छात्रों को सांस्कृतिक समझ, कूटनीतिक संवाद एवं क्षेत्रीय सहयोग को शांति स्थापना के आवश्यक स्तंभ बताया। उन्होंने संघर्ष के ऐतिहासिक और वर्तमान कारणों पर प्रकाश डालते हुए छात्रों से सहानुभूति, सूचित संवाद और सहिष्णुता को अपनाने का आह्वान किया। डॉ. रत्ना ने ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे मंच भविष्य के शांतिदूतों और नेताओं को गढ़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

डॉ. सिमी मेहता, शैक्षणिक निदेशिका, ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल ने अपने प्रेरणादायक वक्तव्य में युवाओं को विचारशील नेतृत्व और शांति के वाहक के रूप में उभरने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा, "मध्य पूर्व को उपचार देना एक सतत प्रक्रिया है, जिसकी शुरुआत ऐसी ईमानदार चर्चाओं से होती है, जैसी कि OPS-MUN मंच पर हुई।"

विद्यालय के प्राचार्य श्री रंजीत कुमार ठाकुर ने सभी अतिथियों और प्रतिभागियों का स्वागत किया और इस महत्वपूर्ण विषय पर छात्रों के जोश और समझ की सराहना की।

प्रतिभागी स्कूलों ने विभिन्न राष्ट्रों का प्रतिनिधित्व किया, जिससे वाद-विवादों में विविधता और प्रामाणिकता आई। छात्र प्रतिनिधियों ने संयुक्त राष्ट्र की कार्यवाही का सटीक अनुकरण करते हुए गहन विमर्श, वार्ता और प्रस्ताव प्रस्तुत किए। इस सम्मेलन का मूल्यांकन डॉ. श्रेया पांडे (सहायक प्रोफेसर, सेंट जेवियर्स कॉलेज, रांची) द्वारा किया गया, जिनका साथ श्रीमती शिल्पा गुप्ता और श्रीमती सिमरन अदिति (ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल) ने सह-न्यायाधीशों के रूप में दिया।

समारोह का सुव्यवस्थित संचालन श्रीमती नैन्सी रोज़ी सिंह द्वारा किया गया, जबकि मंच संचालन श्री विवेक गुप्ता और श्री प्रसंजित घोष ने किया। कक्षा 12वीं की छात्राएं भाव्या रंजन (हेड गर्ल) और निधि कुमारी (सांस्कृतिक सचिव) ने सत्र अध्यक्ष के रूप में उत्कृष्ट नेतृत्व एवं कूटनीतिक दृष्टिकोण का परिचय दिया। समापन सत्र में, डॉ. श्रेया पांडे ने छात्रों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा:

"मैं छात्रों की तैयारी, शोध और आत्मविश्वासपूर्ण प्रस्तुति से अत्यंत प्रभावित हूं। कई प्रतिनिधियों ने मध्य पूर्व के इतिहास और समकालीन जटिलताओं को गहराई से समझते हुए अपने देश की नीति को सहयोगात्मक दृष्टिकोण के साथ प्रस्तुत किया। आपकी संवाद क्षमता, सम्मानपूर्वक बहस और आम सहमति बनाने की प्रवृत्ति अंतरराष्ट्रीय कूटनीति की सच्ची भावना को दर्शाती है। मैं आश्वस्त हूं कि यह अनुभव आपको भविष्य में एक जिम्मेदार नेता बनने की दिशा में प्रेरित करेगा।"

सर्वश्रेष्ठ प्रतिनिधि, सर्वश्रेष्ठ वक्ता आदि श्रेणियों में दिए गए पुरस्कार निम्नलिखित छात्रों को प्रदान किए गए:

1. सर्वश्रेष्ठ वक्ता - मुस्कान सिंह (चीन की प्रतिनिधि) – डीएवी बरियातू
   एवं आयुष किसलय (लिथुआनिया के प्रतिनिधि) – ऑक्सफोर्ड
2. जनरल स्पीकर्स लिस्ट अवार्ड – अर्नव अनुराग (पुर्तगाल के प्रतिनिधि) – डीएवी बरियातू
3. सर्वश्रेष्ठ परिधान – माहि कुमारी सिंह (भारत की प्रतिनिधि) – ऑक्सफोर्ड
   एवं अर्जित आनंद (ग्रीस के प्रतिनिधि) – डीएवी बरियातू
4. सर्वश्रेष्ठ प्रतिनिधि – मोहम्मद अदनान (तुर्की के प्रतिनिधि) – ऑक्सफोर्ड

सम्मेलन के समापन पर, प्राचार्य श्री रंजीत कुमार ठाकुर ने डॉ. राजन सुदेश रत्ना का हार्दिक धन्यवाद ज्ञापित किया और उनके प्रेरणास्पद वक्तव्य को छात्रों के लिए अमूल्य बताया। उन्होंने डॉ. सिमी मेहता के मार्गदर्शन के लिए आभार प्रकट किया और सभी अतिथियों, निर्णायकों, प्रतिभागी स्कूलों, शिक्षकों, अभिभावकों एवं कर्मचारियों को उनके उत्साह एवं सहयोग के लिए धन्यवाद दिया।

यह सम्मेलन विद्यार्थियों, शिक्षकों, अभिभावकों और गणमान्यजनों की उपस्थिति में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। OPS-MUN 2025 ने न केवल छात्रों को वैश्विक कूटनीति की वास्तविक झलक दी, बल्कि शांति स्थापना और मानवीय सहयोग जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर गहन चर्चा का अवसर भी प्रदान किया।

तीसरा OPS-MUN सम्मेलन 2025 वास्तव में आशा, सीख और सहयोग का एक प्रेरक मंच बनकर उभरा, जो ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल की भावी वैश्विक नागरिकों को संवेदनशील एवं उत्तरदायी बनाने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

**Press Release**

# Oxford Public School Hosts 3rd OPS-MUN Conference 2025: "Healing the Middle East - Addressing the Israel-Palestine Conflict & Ensuring Humanitarian Relief

Date: 26th July 2025
Venue: Oxford Public School, Pragati Path, Ranchi

Oxford Public School, Pragati Path, Ranchi, proudly hosted the third edition of the OPS-MUN Conference on 25th and 26th July 2025, with the compelling theme "Healing the Middle East – Addressing the Israel-Palestine Conflict & Ensuring Humanitarian Relief." This transformative event welcomed over 62 student delegates from five leading Ranchi schools—Oxford Public School, Sarala Birla Public School, DAV Kapildev Public School, DAV Public School (Bariatu), and Delhi Public School-to step into the shoes of global diplomats and debate one of the most pressing geopolitical challenges of our era.

The day began on a vibrant note, with an auspicious lamp lighting ceremony led by eminent dignitaries, followed by a soulful welcome song and a captivating dance performance by Oxford students celebrating Jharkhand's rich cultural diversity. This festive opening set a thoughtful and collaborative tone for the day.

The conference was graced by Chief Guest Dr. Rajan Sudesh Ratna, Deputy Head, UN Economic and Social Commission for Asia and the Pacific (UNESCAP). Drawing from his extensive international experience, Dr. Ratna delivered an insightful address emphasizing diplomatic engagement, cultural understanding, and regional cooperation as essential pathways to peace in the Middle East. He traced the roots of ongoing conflicts, highlighted global and local factors shaping the region, and urged delegates to champion empathy, informed dialogue, and tolerance. Dr. Ratna commended Oxford Public School for nurturing discussions that prepare students as future leaders and peacebuilders.

Dr. Simi Mehta, Academic Director of Oxford Public School, inspired the gathering with her vision for youth as champions of thoughtful leadership and peace. She highlighted how MUN conferences empower learners to navigate the complexities of real-world conflict with insight, emotional intelligence, and social responsibility. "Healing the Middle East," she noted, is a gradual process—one that must begin with honest conversations like those fostered at OPS-MUN.

Principal Mr. Ranjeet Kumar Thakur welcomed the guests and participants, expressing gratitude for their enthusiasm and wisdom in tackling such a critical topic.

Each participating school represented different nations, enriching the debates with diverse viewpoints. Student delegates engaged in rigorous deliberations, negotiations, and resolutions, authentically simulating United Nations proceedings. The event was judged by Dr. Shreya Pandey (St. Xavier's College, Ranchi), with Mrs. Shilpa Gupta and Mrs. Simran Aditi (Oxford Public School) serving as associate judges.

Seamless event coordination was ensured by Mrs. Nancy Rosy Singh, with the proceedings expertly anchored by Mr. Vivek Gupta and Mr. Prasanjit Ghosh. Session chairs Bhavya Ranjan (Head Girl) and Nidhi Kumari (Cultural Secretary), both from Class XII, were especially lauded for their exemplary diplomacy and leadership.

During the valedictory session, Judge Dr. Shreya Pandey (Assistant Professor, St. Xavier's College, Ranchi shared her appreciation for the delegates' calibre and spirit. She remarked:

"I am truly impressed by the level of preparation, research, and confident presentation demonstrated by the students. Many delegates displayed a deep understanding of both the history and current complexities of the Middle East, and skillfully balanced their country's stance with a collaborative approach. Your ability to listen, debate respectfully, and find common ground reflects the true spirit of international diplomacy. I

believe this experience will remain with you as you become thoughtful, responsible future leaders."
Her words encouraged all participants to continue developing their analytical and interpersonal skills in future academic and real-world forums.

At the end of the session, awards were given to those who consistently drove substantive debate, demonstrated strong mastery of the Rules of Procedure, and delivered clear, persuasive speeches throughout the sessions. Judges praised these students for their professionalism, diplomatic behavior, and for embodying the spirit of collaboration, empathy, and practical problem-solving expected of future leaders.

The Awardees are:

1. Best Speaker- Muskan Singh (Delegate of China) DAV Bariatu & Aayush Kislay (Delegate of Lithuania), OPS Ranchi
2. GSL (General Speakers' List Award) - Arnav Anurag, Delegate of Portugal, Bariatu
3. Best Attire- Mahi Kumari Singh (Delegate of India) OPS & Archit Anand (Delegate of Greece), DAV Bariatu
4. Best Delegate- Md. Adnan (Delegate of Turkey), OPS

As the 3rd OPS-MUN Conference draws to a close, Principal Mr. Ranjeet Kumar Thakur expressed heartfelt gratitude on behalf of Oxford Public School. He warmly thanked the Chief Guest, Dr. Rajan Sudesh Ratna, for his insightful keynote address and for inspiring students to think as true global citizens. He also thanked Dr. Simi Mehta, Academic Director, for her motivating words and ongoing guidance.

Mr. Thakur acknowledged the distinguished guests, judges, teachers, parents, and school staff for their wholehearted support. He commended all participating schools and delegates for their dedication, diplomacy, and respectful engagement with such a complex issue.

The conference was attended by a wide and engaged audience—including students, parents, teachers, and dignitaries-sparking impactful discussions on peace-building, humanitarian relief, and the vital role of international cooperation. This immersive experience offered each participant an invaluable glimpse into the world of global diplomacy and the shared pursuit of peace.

The 3rd OPS-MUN Conference truly stood out as a beacon of hope, learning, and collaboration, underscoring Oxford Public School's commitment to developing responsible and empathetic global citizens.